# यूपी दर्शन, फ्रेगरेंस पार्क समेत 60 सौगातें

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में 157 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

### तैयारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को पूरी हो चुकी 60 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 157 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। रविवार को कमिश्नर रोशन जैकब और डीएम सूर्य पाल गंगवार ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियों की समीक्षा की। लखनऊ के लोगों को एक साथ कई परियोजनाओं की सौगात मिलने वाली है। इनमें यूपी दर्शन पार्क, फ्रेगरेंस पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क में 5डी अनुभव वाली चेयर का तोहफा शामिल है। इनके अलावा सरोजनीनगर में अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय, सीजी सिटी में आकर्षक जलाशय समेत अन्य परियोजनाएं भी हैं। लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में होगा। गेट संख्या दो के पास स्थित इस हॉल के बाहर काफी जगह है जहां कुर्सियां लगाकर भीतर चल रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। रविवार को कमिश्नर ने अतिथियों के आगमन के रास्ते और बैठने के क्रम से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। सोमवार को कुल 2429.33 करोड़ की लागत से तैयार हो चुकी परियोजनाएं जनता के सुपुर्द की जाएंगी।

**नगर निगम की 514 करोड़ की परियोजनाओं का भी शिलान्यास आज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नगर निगम की कई परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे। 121.91 करोड़ की 78 सड़कों, नाले नालियों और पार्कों की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 392.21 करोड़ की 21 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे। इस तरह 514.12 करोड़ की 99 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण होगा।



लखनऊ एयरपोर्ट पर टर्मिनल-3 के लोकार्पण के अवसर पर रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे।

### 950 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

मुख्यमंत्री सोमवार को एलडीए की 950.51 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे। 530.19 करोड़ की 40 परियोजनाओं का शिलान्यास, 419.31 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। समारोह इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा।

### एलडीए की 583.76 करोड़ की इन 24 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

| परियोजना का नाम | लागत (करोड़ में) |
|---|---|
| यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर | 10.14 |
| सीनियर सिटीजन पार्क हेरिटेज जोन | 2.37 |
| छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा में फसाड लाइटिंग | 8.24 |
| जनेश्वर में तीन वाटर स्क्रीन म्यूजिकल फाउंटेन लेजर शो | 17.35 |
| जनेश्वर मिश्र पार्क में 5डी मोशन चेयर | 3.37 |
| सीजी सिटी में वेट लैंड का विकास | 2.35 |
| बसंत कुंज सेक्टर ए में 3800 पीएम आवास का निर्माण | 246.00 |
| ग्रीन कॉरिडोर के तहत गऊघाट पर सेतु का निर्माण | 33.98 |
| काला पहाड़ झील का संरक्षण एवं सुंदरीकरण | 5.00 |
| एल्डिको उद्यान झील का संरक्षण व सुंदरीकरण | 5.58 |
| सरोजनीनगर में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण | 206.97 |

## लखनऊ को एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का तोहफा

### उद्घाटन

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। रक्षामंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की मौजूदगी में शहर को एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-3 का तोहफा मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजमगढ़ से इसका वर्चुअल लोकार्पण किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि रीजनल कनेक्टिविटी और उड़ान योजना ने अमीरी-गरीबी के बीच खाई मिटाई है। पहले एयरपोर्ट और हवाई यात्रा पैसे वाले वर्ग के लिए होती थी। आज गरीब भी हवाई यात्रा कर रहे हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम से एविएशन सेक्टर में तेजी से काम हुआ है। वर्ष 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे। अब यह बढ़कर 149 हो गए हैं। लखनऊ विश्वस्तरीय रैंकिंग में स्थान बना चुका है। मेरा सौभाग्य है कि मैं उस लखनऊ का सांसद हूं, जिसका प्रतिनिधित्व अटलजी ने किया था। मैं लखनऊ का जनप्रतिनिधि हूं। मुझे बेहद खुशी होती है और संतोष भी कि मेरा भारत लगातार विकसित हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लखनऊ के विकास के लिए भागीरथ प्रयास किए, उसी धारा को मुझे बढ़ाने का सौभाग्य मिला। रक्षामंत्री ने कहा कि लखनऊ दो शब्दों से मिलकर बना है। लक और नॉओ। अब लखनऊ का भाग्य उदय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हो रहा है।

### रनवे विस्तार के लिए रक्षामंत्री गंभीर

लखनऊ से पश्चिमी देशों के लिए फिलहाल उड़ान नहीं है। इसकी वजह यहां छोटा रनवे है। रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने समारोह के बाद नए टर्मिनल का निरीक्षण किया। अधिकारियों से कहा कि रनवे की लम्बाई बढ़ाने की जरूरत है।

### इसी माह के अंत तक शुरू होगा परिचालन

एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से परिचालन इसी माह से शुरू हो जाएगा। अभी कुछ निर्माण बाकी है। जो आने वाले समय में पूरा होगा। मौजूदा टर्मिनल-1 को ध्वस्त कर शेष निर्माण किया जाना है।